Employers Association ऑफ Rajasthan के अवॉर्ड समारोह में माननीय लोकसभा अध्यक्ष का सम्बोधन

- राजस्थान Employer's संघ के इस पुरस्कार समारोह में सम्मिलित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आज यहाँ राजस्थान प्रांत के अग्रणी उद्यमियों और व्यापारियों के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से भी लोग उपस्थित हैं। आप सभी प्रांत की अदम्य ऊर्जा, प्रतिभा तथा कौशल के जीवंत प्रतीक हैं जिन्होंने अपनी कठिन मेहनत और कड़ी तपस्या से समाज में समृद्धि लाने का काम किया है। आप सभी बधाई के पात्र हैं।
- साथियों, राजस्थान Employer's संघ ने अपने 55 वर्षों के जीवनकाल में प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के औद्योगिक विकास में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।
- स्वर्गीय श्री कमल नयन बजाज जी द्वारा स्थापित इस संस्था की उपस्थिति आज व्यवसाय एवं उद्यम के सभी क्षेत्रों में है।
- आपकी संस्था में बड़े उद्यम, MSME सेक्टर, उद्योग, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाएं, शिक्षण संस्थान, पर्यटन, सेवा क्षेत्र तथा विधि एवं मानव संसाधन विकास के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे Professionals भी सम्मिलित हैं।
- मुझे प्रसन्नता है कि आपकी संस्था राजस्थान के उद्यमियों को एक प्रभावी मंच प्रदान कर रही है जिसके माध्यम से आप अपने विषयों को सामूहिक रूप से सरकार के समक्ष प्रस्तुत करते हैं तथा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करते हैं।
- इसके अतिरिक्त आप व्यापार और उद्यम के संबंध में नीति निर्माण में भी अपने फीडबैक के माध्यम से सरकार को आवश्यक इनपुट देते हैं ताकि राज्य में औद्योगिक विकास के लिए एक आदर्श कार्यनीति तैयार हो सके।
- इस लिहाज से आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शासन एवं व्यापार जगत के रचनात्मक सहयोग से ही एक समृद्ध समाज एवं राष्ट्र का निर्माण हो सकता है।
- साथियों, वैश्विक महामारी कोरोना ने सभी देशों की सामाजिक आर्थिक व्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। महामारी के नियंत्रण के लिए लॉकडाउन आवश्यक था पर इसके उद्योग व्यवसाय पर विपरीत

प्रभाव पड़ा। कई देशों में महामारी के कारण आर्थिक गतिविधियां लगभग बंद हो गई। इसके चलते बेरोजगारी बढ़ी, निर्धनता बढ़ी, व्यापक रूप से जनता को अभावों एवं कठिनाईओं का भी सामना करना पड़ा।

- पर अब महामारी का प्रकोप धीरे धीरे कम हो रहा है। आर्थिक गतिविधियां पुनः सामान्य हो रही हैं। ऐसे में अब हम सभी का सामूहिक दायित्व है कि महामारी से अत्यधिक रूप से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कार्य करें।

- केंद्र तथा राज्य सरकारें इस दिशा में अपने प्रयास कर रही हैं। इस उद्देश्य से एक व्यापक आर्थिक पैकेज की भी घोषणा की गई है जिसके अंतर्गत व्यवसाय, उद्योग, MSME सेक्टर, छोटे व्यवसायी, स्ट्रीट हॉकर तथा अन्य श्रेणियों के लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

- परंतु आपके सक्रिय सहयोग से ही सरकार के प्रयास प्रभावी हो सकते हैं। मेरा आग्रह है कि आप इस पैकेज का व्यापक अध्ययन करें तथा इसका पूरा लाभ स्वयं भी उठायें और यह भी सुनिश्चित करें कि समाज के सभी वर्गों तक इसका लाभ पहुंचे।

- मित्रों , राजस्थान प्रांत अपनी बहुरंगी संस्कृति के साथ साथ अपनी उद्यमशीलता के लिए भी जाना जाता है। हमारे प्रांत के निवासी राज्य और देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी व्यवसाय और उद्योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

- मैं देश विदेश जहां भी जाता हूँ, वहाँ मुझे अपने प्रांत के लोग मिलते हैं और मुझे बताते हैं कि किस प्रकार वे अपने निवासस्थल पर अपनी आर्थिक गतिविधियों से वहाँ की अर्थव्यवस्था में सहायता कर रहे हैं, वहाँ की जनता में समृद्धि का प्रसार कर रहे हैं।

- संपत्ति एवं समृद्धि के रचनात्मक उपयोग से समाज में सद्भाव एवं सौहार्द बढ़ता है। आज इस कार्यक्रम में लगभग 30 संस्थाओं को बेस्ट employer अवॉर्ड, बेस्ट शिक्षा संस्थान अवॉर्ड, विशेष जूरी अवॉर्ड तथा उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिया गया है।

- आप सभी ने अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। मेरे विचार में उत्कृष्टता मात्र धन अर्जित करने में नहीं होती है। उत्कृष्टता तब आती है जब आपके उद्यम में कार्य करने का अच्छा माहौल हो, आपके कर्मचारी संतुष्ट हों तथा आपके कार्यों का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता हो।

- आप शैक्षिक संस्थान हों या व्यापारिक संस्थान, आपको अपने व्यवसाय की देखभाल के साथ साथ अपने सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। एक अच्छा व्यवसाय वही है जो अपने परिवेश के विकास के लिए भी अपना योगदान दे।

- यदि आप शैक्षिक संस्थान हैं तो आपका दायित्व है कि आप अपने छात्रों के शैक्षिक विकास के साथ साथ उनके चारित्रिक विकास के लिए भी कार्य करें। आपका दायित्व है कि आप एक जिम्मेदार एवं कुशल व्यक्ति के साथ साथ राष्ट्र के लिए एक जिम्मेदार एवं आदर्श नागरिक का भी निर्माण करें।

- आज देश में औद्योगिक विकास के लिए आदर्श वातावरण तैयार किया जा रहा है। Ease of Doing Business Index में भारत के स्थान में पिछले वर्षों में काफी सुधार आया है।

- सरकार द्वारा देश के औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए स्टार्ट अप इंडिया, स्किल इंडिया जैसी योजनाओं के साथ साथ 'गति शक्ति' को launch किया है जो देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का मास्टर प्लान है। इन योजनाओं ने आपके लिए संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं।

- इसी प्रकार आत्म निर्भर भारत का विज़न भी एक ऐसा प्रयास है जो देश को अपने पूर्ण potential को प्राप्त करने में सहायक होगा। हमारे देश के नवनिर्माण का स्वप्न आपके सक्रिय योगदान से ही पूर्ण होगा।

- मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपकी ऊर्जा, आपके परिश्रम तथा आपके प्रयासों से एक नए राजस्थान का ही निर्माण नहीं होगा बल्कि राष्ट्र के नवनिर्माण का भी मार्ग प्रशस्त होगा।

- आज के कार्यक्रम के आयोजकों को तथा पुरस्कार विजेताओं को मेरी ओर से पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

धन्यवाद।